दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्षः- 06
अंकः- 186
मुरादाबाद
(Monday)
26 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

नमो घाट पर वायु सेना का शौर्य देख गदगद हुए पीएम मोदी, लाखों लोग हुए रोमांचित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने मिर्जामुराद के खोचवां में स्थित अरविंद मिल का उद्घाटन किया। इसके बाद नमो घाट पर एयर शो देखने पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई दिग्गजों के साथ काशी के आसमान में विमानों की कलाबाजी देखी नमो घाट पर पीएम मोदी ने करीब एक घंटे तक वायु सेना का शौर्य देखा। इसके बाद वायु सेना के चीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

बिहार का मखाना पहुंच रहा ग्रीस : मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं। नमो घाट पर एयर शो के दौरान वायुसेना का शौर्य देखने के लिए पीएम मोदी की नजरें आसमान में टिकी रहीं। इस दौरान गंगा की लहरों और काशी के आसमान में वामानों ने अपने करतब दिखाए तो गंगा घाटों पर मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ता ही गया। कड़ी धूप के बीच भी लोग अड़े रहे। नमो घाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयर शो देख रहे हैं। सुखोई, राफेल और तेजस जैसे विमानों ने कलाबाजी दिखाई तो लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नमो घाट और आसपास के घाटों के साथ ही गंगा पार डोमरी घाट पर लाखों की संख्या में दर्शकों ने जमकर हूटिंग की। गंगा के ऊपर लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। घाट के आसपास बड़ी संख्या में लोग एयर शो देखने के लिए जुटे रहे। आसमान में विमानों की गर्जना और उनके हैरतअंगेज करतबों के बीच देशभक्ति का माहौल नजर आया। कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना की क्षमता और साहस का प्रदर्शन किया गया।वाराणसी के नमो घाट पर एयर शो में 100 से ज्यादा विमानों और हेलीकॉप्टरों ने हवाई करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय सेना और वायुसेना के शौर्य को करीब से देखा। इस दौरान उन्होंने इशारे से ही जय हिंद का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री को ऐसा करते देखकर आसपास मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उत्साह जतायाएयर शो में शामिल होने के लिए रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सड़क मार्ग से नमो घाट पहुंचे। इस दौरान पुलिस लाइन से नमो घाट तक जगह-जगह लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भदऊचुंगी के पास सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए

■ समर्थकों को देख पीएम ने रुकवाई कार, हाथ हिलाकर किया अभिवादन;लोगों ने लगाए जयकारे

खड़े थे। समर्थकों का उत्साह देख पीएम मोदी ने अपनी कार रुकवाई और बाहर निकलकर हाथ हिलाते हुए लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला पुलिस लाइन से सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट होते हुए राजघाट पुल स्थित नमो घाट के लिए रवाना हुआ। काफिले के गुजरने वाले मार्गों पर प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहर की चमचमाती सड़कें और जगह-जगह लगाए गए स्वागत मंच काशी की भव्यता और मेहमाननवाजी की झलक पेश कर रहे थे। सभी मार्गों पर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। पीएम मोदी के नमो घाट पर आगमन को लेकर जहां पुलिस व प्रशासन की टीमें अलर्ट हैं। वहीं भाजपा के नेता व कार्यकर्ता स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं। साथ ही काशीवासी पीएम की एक झलक पाने को बेताब हैं। बैरिकेडिंग के अंदर से ही लोग निगाह गड़ाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो घाट के लिए रवाना हुए हैं। उनके आगमन को लेकर नमो घाट की तरफ जाने वाले रास्ते को खाली करा दिया गया है। वहीं स्वागत के लिए डमरू वादन की टीम पहुंच चुकी है। सभी स्वागत स्पॉट पर भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से %मन की बात% कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 139वीं कड़ी है। पीएम मोदी मे इस कार्यक्रम में कहा कि आज से 12 वर्ष पहले इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी ये यात्रा निरंतर जारी है। इस यात्रा के सहयात्री और मार्गदर्शकआप ही हैं।उन्होंने कहा, %%भारत की माटी में ऐसे कितने ही महान व्यक्तित्व पैदा हुए जिन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। ऐसे ही एक महान व्यक्तित्व हैं- भाई परमानंद जी। कुछ ही दिनों बाद 4 नवंबर को हम उनकी 150वीं जयंती मनाएंगे। भाई परमानंद जी की प्रेरणा और आदर्श का बड़ा स्त्रोत था आर्य समाज से उनका गहरा जुड़ाव। 20वीं सदी के बिल्कुल शुरुआती कालखंड में ही भाई परमानंद जी आर्य समाज के काम से दक्षिण अफ्रीका गए थे। वहां उनकी मुलाकात पूज्य बापू से भी हुई थी। उन्होंने गुयाना में गिरमिटिया समाज के बीच भी काम किया, जो उस समय आर्य समाज का एक बड़ा केंद्र था। मुझे भी गुयाना की अपनी यात्रा के समय आर्य समाज के स्मारक पर जाने का सौभाग्य मिला था 7 भाई परमानंद जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई थी। कहा जाता है कि भाई परमानंद जी ने ही लाला हरदयाल जी को अमेरिका जाने के लिए मनाया था। वे गदर पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से भी एक थे । आजादी की लड़ाई में उनका प्रभाव इतना ज्यादा था कि अंग्रेजों ने उन्हें काला पानी की सजा दे दी थी। उनकी एक किताब है %आपबीती- काले पानी की कारावास कहानी%। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को समझने के लिए ये किताब जरूर पढ़नी चाहिए। भाई परमानंद जी ने सजा खत्म होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में कदम बढ़ाया। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि उन्होंने वीर भगत सिंह को भी पढ़ाया था। बाद के समय में वे कई वर्षों तक हिन्दू महासभा से भी जुड़े रहे। यानि गांधी जी से लेकर गुयाना तक, गदर से लेकर अंडमान तक उनका व्यक्तित्व बहुत प्रेरणादायक है। मैं भाई परमानंद जी को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। युवा साथियों से मेरा आग्रह है कि वे उनके बारे में जानें और दूसरों को भी प्रेरित करें।%%उन्होंने कहा, %%कल 26 अक्तूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती है। हजारों वर्ष बीत गए, लेकिन महर्षि वाल्मीकि की रामायण आज भी हमें कुछ नया सिखाती है । महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से हमें जीवन की गहरी सीख दी है। एक ओर वे निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश देते हैं, तो दूसरी ओर सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता का महत्व समझाते हैं। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम का चरित्र इन मूल्यों का बहुत सुंदर उदाहरण है। भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम और भक्ति को अपनाया। निषादराज की मित्रता को सम्मान दिया। सबको साथ लेकर चलने का भाव, ये आदर्श आज भी हमें दिशा दिखाते हैं। इस भावना का प्रतिबिंब अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भी दिखाई देता है। वहां महर्षि वाल्मीकि, निषादराज और माता शबरी के मंदिर भी बनाए गए हैं। मुझे संतोष है कि अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम भी महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर ही रखा गया है। ये प्रयास हमारी उसी महान परंपरा को समृद्ध करते हैं, जिसमें सेवा, समरसता और करुणा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा, आप सभी को याद होगा कि भारत के आह्वान पर साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया था। इसे पूरी दुनिया में बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी।

संक्षिप्त समाचार

वाल्मीकि जयंती पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा, सोमवार को बंद रहेंगे स्कूल-कार्यालय

यूपी में सोमवार यानी 26 अक्तूबर को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।यूपी में सोमवार यानी 26 अक्तूबर को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में उतरेंगे धनुष

फैन क्लब को कल्याणकारी संगठन में बदलने के बाद अभिनेता धनुष रविवार को महिला विंग के साथ बैठक करेंगे। इस बीच, राजनीति में आने की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं।तमिल फिल्मों के सुपरस्टार धनुष रविवार को चेन्नई में अपने फैन क्लब की महिला विंग के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। एक निजी कॉलेज में होने वाली इस बैठक को लेकर उनके प्रशंसकों में काफी उत्साह है। वहीं, हाल के दिनों में उनके फैन क्लब में हुए बदलावों के बाद धनुष के राजनीति में आने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। प्रशंसक संगठन का नाम पहले धनुष नरपनी मंद्रम था, जिसे अब बदलकर धनुष नरपनी इयक्कम कर दिया गया है। संगठन को अब एक कल्याणकारी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की तैयारी है।

नीतीश कुमार पर बरसे खरगे, बोले- समाजवादी विचारधारा से निकले नेता का संघ के साथ जाना दुखद

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार केशरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर उन्हें याद किया। उन्होंने जमींदारी प्रथा समाप्त करने, वंचितों के उत्थान और बिहार में लोकतंत्र की नींव मजबूत करने में श्री बाबू के योगदान को सराहा।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार केशरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने श्रीकृष्ण सिंह को बिहार में लोकतंत्र की नींव मजबूत करने वाला अग्रणी नेता बताया। खड़गे ने कहा कि श्री बाबू ने जमींदारी प्रथा समाप्त कर और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम करके सामाजिक न्याय के नए अध्याय की शुरुआत की।खरगे ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि के रूप में पहचाना जाता है। इस पवित्र धरती पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए उन्होंने आयोजन समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूरा देश श्री बाबू को याद करता है।बिहार में कांग्रेस सरकारों के इतिहास का उल्लेख करते हुए खरगे ने कहा कि 1937 में श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में पहली कांग्रेस सरकार बनी थी। इसके बाद 1947 में दूसरी सरकार स्थापित हुई। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन के दौरान मुख्यमंत्री को 'प्रीमियर' कहा जाता था। भारतीय संविधान के तहत 1952 में हुए पहले विधानसभा चुनाव के बाद श्री बाबू 3 जनवरी 1961 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आज आरएसएस की बात की जाए तो लोग इसका अलग-अलग अर्थ निकाल सकते हैं। लेकिन, आपको निशाना इसलिए बनाया जा रहा है, क्योंकि आप अपनी स्थापना के समय से ही इसी गतिविधि में लगे हुए हैं। खरगे ने कहा, इस देश में जब तक आरएसएस की विचारधारा बनी रहेगी, तब तक शांति नहीं होगी। उन्होंने एसआईआर के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का समर्थन करने की बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा, यह आजादी की दूसरी लड़ाई है। खरगे ने कहा कि भाजपा और आरएसएस बिहार के दिग्गज नेताओं, जैसे डॉ. राजेंद्र प्रसाद, की विरासत को खत्म करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि नीतीश कुमार जैसे समाजवादी नेता भी उन लोगों के साथ चले गए, जो आरएसएस की विचारधारा में विश्वास करते हैं। खरगे ने कथित 'शुद्धिकरण' की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें शामिल लोगों का पता लगाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके खिलाफ हुए 'शुद्धिकरण' मामले की जांच कराने का वादा किया था, लेकिन जब राहुल गांधी हल्द्वानी गए तो उनके खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई।

सीटीआई की अपील को राहुल गांधी ने ठुकराया?: 1 नवंबर को दिल्ली में महारैली का एलान, भाजपा को कहा थैंक्यू

राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली का एलान करते हुए मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ लोगों से एकजुट होने की अपील की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ जन मार्च और महारैली' में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों समेत लोकतंत्र की चिंता करने वाले सभी लोगों से इस कार्यक्रम में पहुंचने को कहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं और नियम-कानूनों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि वोट के अधिकार की रक्षा के लिए लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। हालांकि राहुल गांधी या कांग्रेस ने सीटीआई के उस पत्र का कोई जिक्र नहीं किया जिसमें उनसे रैली को आगे बढ़ाने की अपील की गई थी। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के वोट चोरी किए जा रहे हैं और इस पर सवाल उठाने वालों के खिलाफ बल प्रयोग किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाए गए हैं और नियमों व कानूनों को ताक पर रखा गया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, %हमारे वोट चोरी किए जा रहे हैं और हम किसी भी कीमत पर चुपचाप यह सब बर्दाश्त नहीं करेंगे%। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अब देश की जनता इसका जवाब देगी।छात्रों से लेकर व्यापारियों तक से जुटने की अपील-कांग्रेस नेता ने 1 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम का जिक्र करते हुए लोगों से दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों से इस जन मार्च और महारैली में शामिल होने की अपील की।राहुल गांधी का कहना है कि जो भी व्यक्ति लोकतंत्र की रक्षा को जरूरी मानता है, उसे इस अभियान में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा, वोट आपका है, लड़ाई भी आपकी है। उनके मुताबिक, लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है।भाजपा पर तंज, प्रचार के लिए कहा धन्यवाद- राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह भाजपा और उसके सहयोगियों का दिल से धन्यवाद करते हैं, क्योंकि वे इस कार्यक्रम का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी अगले सात दिनों तक भी इसी उत्साह और लगन से प्रचार करते रहें। नेता प्रतिपक्ष को लिखे पत्र में व्यापारियों ने राहुल गांधी से निवेदन किया था कि कांग्रेस इस रैली को त्योहारों तक के लिए टाल दें। लेकिन कांग्रेस ने उनके इस अनुरोध को नकार दिया और राहुल गांधी ने 1 नवंबर की रैली के लिए एलान कर दिया। राम मंदिर चंदा चोरी मामले में कांग्रेस का मोदी, शाह और योगी पर हमला- कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर में चंदे और चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है।

संपादकीय Editorial

A period of political review begins

Some conditions for the next assembly elections are being finalized, and it's routine for the ruling party to announce its fourth term in office in this regard. The opposition's actions should reflect the strength of its organization. In Himachal, there will also be a reckoning with the obstacles standing in the center-state conflict. The identification of employees will be a grand Kumbh of government decisions, and some sins will be washed away in the same old Ganges. Politics has its own pattern, and so the contest is about which party has the most factions. Unique gatherings and equations slipping into the depths of internal conflict. Overall, this period of political review will create a new set of contests. The Congress and BJP are fortifying themselves under the leadership of coordinators. The BJP is sharpening its campaign tools, while the Congress faction will be seen taking bold steps to "Save the Vote, Save the Country." What matters is not how the political battle unfolds, but how the ruling party conducts its political rituals. The government has a report card that can be used from panchayats, cities, to the entire state. If the new panchayats succeed in establishing a census site, this exercise will be remembered. If municipal bodies can improve civic amenities, the government's position will be upheld. In such a situation, the government will have to consolidate its scattered efforts and properly paint the pillars erected at the expense of the budget. Indeed, the government has begun creating several models, which will now have to be fully presented. The political cycle of guarantees may now become a means of demonstrating victory in the upcoming elections, and if the government can handle this like a Formula Race, the difference will be seen. Politics has always held the golden rule of how much it considers itself, as well as the working class.

Since the Himachal Assembly elections, the power of Chief Ministers has been reflected in decisions that are overly generous and based on popularity criteria. Clearly, Sukhwinder Sukhu is also trying to satisfy such public curiosity, to his own advantage. Ultimately, the opposition has a sense of responsibility to determine what the public wants to see. Observing Jairam Thakur's position as leader of the opposition, raising his banner against the government, will reveal which faction within the BJP holds the upper hand. At least, it appears that Jairam Thakur's meetings are conducted comfortably in the Prime Minister's chambers in Delhi. A calculation appears to be granting him various inheritances and responsibilities from the Delhi court. On the other hand, Sukhwinder Singh Sukhu, who has emerged as a political and administrative force, is also looking ahead to the upcoming elections, firmly cementing his place within the Congress model. So, will the political cycle of the past four years be the only one that will bear fruit in the upcoming elections? Will Sukhwinder Singh Sukhu be in the east of the state or Jairam Thakur in the west, or will the north-south poles shift? Whatever the case, in the four-year framework, Sukhu holds the entire diligence, work ethic, and capability of the ruling party. On the other hand, while Jairam Thakur hasn't budged an inch from his position, his ambitions for progress have always been in direct conflict. Now it remains to be seen how much power and energy the BJP provides

The journey from black and white televisions to 4G and 5G mobile telephone devices has transformed the entire landscape of life.

There was a time when a single television set connected an entire neighborhood; now, the entire world resides on the screen of a small mobile phone. From writing letters to telephones, from direct conversations to visual interactions, communication has evolved tremendously.

There was a time when having a television set in the home was considered a great achievement. The entire family would sit together and watch the news on the small screen of a black and white television set. Homes with television sets were also gathering places for neighbors. People were especially enthusiastic about watching movies or serials on Sundays. News broadcasts were scheduled in advance, and people would pause their activities to learn about national and international events. In those days, entertainment resources were limited, but people had plenty of time to meet, talk, and share their joys and sorrows.

Things have changed over time. Black-and-white television sets have replaced color television sets. Along with radio, the era of phonographs and motion picture records has begun. Fixed telephones have been installed in homes. The advent of computers and the internet has transformed work practices. Later, mobile telephony revolutionized communication. Today, in the age of 4G and 5G technology, even tasks that previously required hours, days, or weeks of waiting are accomplished in a matter of moments. This journey is not just a story of machine transformation, but also of major changes in society, family, education, business, journalism, and human relationships. The era of black-and-white television: When families sat in front of picture screens Television broadcasting in India began as an experiment in Delhi on September 15, 1959. In the early days, television was available to only a few people. Gradually, this spread. At that time, it was not affordable for every family to purchase a television. The machines were expensive, and broadcasting was available only in a few areas.

Over time, television became an essential part of everyday life. Black and white television pictures lacked color, yet people were equally enthusiastic about watching programs. News, educational programs, cultural presentations, and entertainment programs attracted people.

Television was not just a source of entertainment, but also a vital source of new information and knowledge. People from nearby villages and towns who had television sets in their homes would come to watch programs. During special news broadcasts, many people would gather in homes.

At that time, television viewing had a set order. Family members would sit together at set times. Children would watch programs with the permission of their elders. After the broadcast ended, the television screen would often signal the end of the broadcast. At that time, everyday entertainment resources were not as widely available as they are today.

After watching a program, people would talk to each other about it. Thus, television became an essential medium for people to gather. Television has transformed the world of entertainment and information. The Doordarshan Department played a significant role in the growth of television in India. Through it, news, agricultural information, educational programs, cultural presentations, and serials reached a wider audience.

Television's influence grew rapidly in the 1980s. Serials like the Ramayana and Mahabharata gained a special place among viewers. Many families would pause their work for a while to watch these serials on Sunday mornings. In many places, people from nearby homes would gather to watch the programs.

At that time, the number of programs was fewer than today, but the enthusiasm of the audience was immense. One had to wait up to a week to watch the next episode of a serial. After the program ended, discussions would ensue on its story and characters.

News broadcasting also held significant importance. People awaited news broadcasts to learn about what was happening in the country, the government's decisions, the events on the sports field, and what was happening abroad.

Today, news is available on mobile phones almost instantaneously. Yet, despite limited resources at that time, people were still passionate about the news.

The advent of color television: Adding color to images— The advent of color television, after black and white television, was a major breakthrough in the development of technology. Color television broadcasting gained significant importance in India during the 1982 Asian Games.

This change transformed the television viewing experience. Viewers could now see not just images, but also clothing uniforms, nature, sports stadiums, and cultural events. The appeal of sports competitions and entertainment programs increased. Demand for color television sets gradually increased. Initially, these devices were found in only a few homes, but over time, the middle class also began purchasing them. We also gained homes for families.

Color television also created new possibilities in advertising. Companies began showcasing their products with attractive images. Television thus became not only a source of entertainment but also an effective medium of publicity and mass communication.

From Radio to Phonograph: Memories Connected by Sound - Before the widespread adoption of television, radio was a source of information and entertainment. Radio was a major tool for communication. People listened to the radio in their homes, shops, farms, and public places. It provided news, weather information, agricultural events, songs, music, and sports details.

The uniqueness of radio was that it didn't require sitting still to listen. Farmers working in the fields, shopkeepers standing in their shops, and travelers on the go could listen to programs. Later, small-scale transmission devices, called transistors, became popular. Their small size made them easy to carry from one place to another.

Then came the era of phonographs. People bought records of their favorite songs. Their use increased at weddings, religious ceremonies, and family gatherings. People could listen to their favorite singer's songs again and again.

Today, thousands of songs can be listened to in a matter of seconds on mobile phones. But in the past, keeping records of favorite songs and listening to them repeatedly was part of people's daily routine.

Waiting for letters and the ringing of the telephone machine— communication has changed significantly over the past few decades. Previously, when a family member worked in another city or lived away for studies, the main way to stay connected was through letters.

People would write letters and send them by post, waiting for a reply. It would take days to read them. When a letter arrived from a family member, there was a special excitement in the home. Letters contained not only news but also emotions, experiences, and various events from the family's life.

Later, the use of telephones increased. Fixed telephones were installed in homes and offices. In the early days, this facility was not available to everyone. In many places, there was a wait for a telephone machine to be installed.

Neighbors with telephones in their homes would also visit for important conversations. Family members were delighted to have the opportunity to speak with a distant relative.

A fixed telephone machine allowed for faster communication than letters. However, I needed a fixed location and an available telephone device to communicate. Staying in touch from anywhere has never been easier than it is today.

The Advent of Computers: A New Beginning in the Workplace - The advent of computers has transformed the way work is done in offices, educational institutions, financial institutions, industry, and journalism. Previously, many things were done manually on paper. Creating documents, calculating numbers, and organizing information took a lot of time.

The advent of computers has made writing, calculating, document collection, and data analysis faster. Changes have also occurred in the areas of typing, printing, and graphic design.

The impact of computers and computer-based page layout technology is particularly evident in the newspaper sector. Previously, newspapers had to follow many traditional processes to create pages. Computer-based tools have made managing news, creating headlines, and page layout much easier.

Calculating accounts in banking institutions, preparing exam results in schools, keeping records in government offices, and accounting in business organizations have become easier with computers.

Computers have made it clear that technology is not just a tool for entertainment, but a medium that can accomplish tasks faster, more efficiently, and more easily.

The Growth of the Internet: The World Has Come Closer

The Internet has brought about a major change in the field of information and communication. It has made it easier to access information from different parts of the world.

Previously, to obtain detailed information on a subject, one had to go to the library, search for books, or contact experts

Rest to be published in the next issue......

मेटा के अलर्ट ने बचाई जिंदगी, इंस्टाग्राम स्टोरी देख हरकत में आई पुलिस

इंस्टाग्राम पर सुसाइड की स्टोरी देख पुलिस दौड़ी, कुछ ही मिनटों में बचाई युवक की जान,प्रेम संबंधों में तनाव के चलते कीटनाशक पीने का आरोप

मुरादाबाद के डिलारी क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से जुड़ी स्टोरी पोस्ट करने वाले युवक तक पुलिस मेटा अलर्ट के बाद पहुंची। पुलिस के मुताबिक, युवक ने कीटनाशक का सेवन किया था। समय रहते इलाज और काउंसलिंग मिलने से उसकी हालत ठीक बताई गई।सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक स्टोरी ने पुलिस को अलर्ट कर दिया और समय रहते एक युवक की जान बचाने में मदद मिली। मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र में मानसिक तनाव से जूझ रहे एक युवक ने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने से जुड़ा वीडियो पोस्ट किया था। मेटा के अलर्ट के जरिए पुलिस मुख्यालय तक सूचना पहुंची तो स्थानीय पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। दरोगा ऋतिक कालखंडे और पुलिसकर्मी अंकित चौहान कुछ ही मिनटों में युवक के घर पहुंच गए। पुलिस की तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। दरअसल, डिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक मानसिक तनाव से गुजर रहा था। उसने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट कर आत्महत्या करने की बात कही थी। वीडियो में उसके हाथ में नीले रंग की एक शीशी भी दिखाई दे रही थी। मेटा कंपनी के अलर्ट के जरिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को इसकी जानकारी मिली। वहां से सूचना मिलते ही डिलारी पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी और उसके घर पहुंच गई।कीटनाशक पीने की मिली जानकारी- डिलारी पुलिस के मुताबिक, युवक ने आत्मघाती कदम उठाने के इरादे से कीटनाशक का सेवन कर लिया था। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मियों ने उसे संभाला और उसकी जांच व इलाज की व्यवस्था कराई। पुलिस के अनुसार, जांच और उपचार के बाद युवक की हालत ठीक बताई गई। पुलिस ने युवक की काउंसलिंग भी की और परिजनों को उसकी स्थिति को समझते हुए सहयोग करने के लिए समझाया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, युवक प्रेम संबंधों में तनाव के कारण परेशान था। समय रहते सोशल मीडिया पोस्ट का अलर्ट मिलने और पुलिस के तत्काल पहुंचने से उसे मदद मिल सकी। युवक के परिजनों ने दरोगा ऋतिक कालखंडे और पुलिसकर्मी अंकित चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

यूपी में आलू के दाम घटने पर किसानों को मिलेगा 20 हजार तक मुआवजा, कोल्ड स्टोरेज में रखने पर भी होगा लाभ

उत्तर प्रदेश में आलू किसानों को भाव स्थिरता और शीतगृह भंडारण के लिए दो योजनाओं के तहत 20,000 रुपये तक का अनुदान मिलेगा।आलू भाव स्थिरता योजना में 20,000 रुपये तक अनुदान।

शीतगृह भंडारण शुल्क पर भी 20,000 रुपये तक सहायता। 700 रुपये प्रति क्विंटल से कम दाम पर मिलेगा लाभ।आलू की बंपर पैदावार के बाद बाजार में भाव गिरने की चिंता किसानों को सताती है। ऐसे में अगर आलू 700 रुपये प्रति क्विंटल से कम दाम पर बिकता है तो पात्र किसानों को राहत मिल सकती है।

उद्यान विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए भाव स्थिरता और शीतगृह भंडारण शुल्क अनुदान की दो योजनाएं संचालित की हैं। इनके तहत किसानों को अधिकतम 20-20 हजार रुपये तक अनुदान मिल सकेगा। उप निदेशक उद्यान डॉ. विनीत कुमार के अनुसार, भाव स्थिरता योजना के तहत 30 से 80 मिलीमीटर आकार के निर्धारित गुणवत्ता वाले आलू का बिक्री मूल्य 700 रुपये प्रति क्विंटल से कम होना जरूरी है। साथ ही व्यापारी से भुगतान बैंकिंग माध्यम से प्राप्त होना चाहिए। अनुदान उत्पादन लागत के 25 प्रतिशत अथवा उत्पादन लागत और बिक्री मूल्य के अंतर में से जो भी कम होगा, उसके आधार पर मिलेगा। इस योजना में प्रति किसान अधिकतम दो हेक्टेयर आलू रोपित क्षेत्रफल और 200 क्विंटल उत्पादन तक की सीमा तय है। अधिकतम अनुदान 20 हजार रुपये है। पट्टे पर खेती करने वाले किसान भी पात्र होंगे। आलू मंडी, उपमंडी, निजी शीतगृह परिसर या खेत से बेचने पर योजना का लाभ लिया जा सकता है।शीतगृह से आलू निकालने के बाद मिलेगी मदद- निजी शीतगृहों में आलू रखने वाले किसानों को भंडारण शुल्क पर 100 रुपये प्रति क्विंटल अनुदान मिलेगा। अधिकतम 200 क्विंटल आलू पर 20 हजार रुपये तक सहायता अनुमन्य है। इसके लिए आलू की निकासी जरूरी है।किसानों को आधार कार्ड या कृषक आईडी से ई-केवाईसी कराकर बैंक पासबुक, खसरा-खतौनी और संबंधित बिक्री या भंडारण के अभिलेख अपलोड करने होंगे। आवेदन [आलू अनुदान पोर्टल](https://potato.uphorticulture.in) पर या जनसेवा केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है।

शहीद एक्सप्रेस अग्निकांड मामला: कोच में पोटाश भरे बैग से लगी थी आग, बच्चे वाली गन भी मिली, इस शख्स की तलाश

शहीद एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में आग लगने पर आरपीएफ को एक बैग में पोटाश और बच्चे वाली गन मिली। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर फोरेंसिक जांच शुरू की गई है। अमृतसर से जयनगर जा रही शहीद एक्सप्रेस के जिस स्लीपर कोच में शुक्रवार की रात आग लगी थी उस कोच से एक बैग में पोटाश और बच्चे वाली गन मिली। आरपीएफ ने बैग को कब्जे में ले लिया है। इसी बैग में आग लगी थी। फोरेंसिक टीम ने बैग की जांच पड़ताल की है। मुरादाबाद आरपीएफ थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही बैग के स्वामी की तलाश की जा रही है।अमृतसर से जयनगर जा रही शहीद एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-6 में यात्री दीपक अपनी पत्नी और बच्चे के साथ सीट नंबर 66 और 67 पर सवार थे। ट्रेन रात करीब 11.15 बजे नगीना के पास पहुंची थी तभी उनके सीट के बराबर में रखे बैग से धुआं उठने लगा। इसके बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन रोक दी। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी और आग पर काबू पाने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया था। ट्रेन देर रात करीब 2:45 बजे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी, जहां आरपीएफ की टीम ने कोच की जांच पड़ताल की। इस दौरान बैग में पोटाश और बच्चे वाली गन मिली। बैग खिलौना बेचने वाले व्यक्ति का बताया जा रहा है। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम संदिग्ध की तलाश में जुट गई है। सीनियर डीसीएम महेश यादव ने बताया कि शहीद एक्सप्रेस के एस-6 कोच में जिस बैग में आग लगी थी, उसमें पोटाश और बच्चे वाली गन मिली है। इस मामले आरपीएफ ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।जांच के लिए बैग फोरेंसिक लैब भेजा

शहीद एक्सप्रेस के कोच से मिले बैग को जांच की जा रही है। आरपीएफ ने इसे जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया गया है। ताकि पोटाश और गन की जांच हो सके। साथ ही पोटाश की विस्फोटक क्षमता का पता लगाया जा सके।

खंगाले जा रहे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज- आरपीएफ की टीम ये पता लगाने में जुट गई है कि बैग किस यात्री था। इसके लिए स्टेशनों पर लगे कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। ताकि यह पता चल सके कि यात्री किस स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था।

कोच से उतर गए थे 80 यात्री- कोच में धुआं भरने पर यात्रियों ने चेन खींच दी थी। करीब 80 यात्री नीचे उतर गए थे। आग की चपेट में आने से कुछ यात्रियों के बैग जल गए। ट्रेन में मौजूद अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग बुझाई गई। रेलवे की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद हालत को सामान्य किया। इसके बाद रात 11:50 बजे ट्रेन को मुरादाबाद के लिए रवाना कर दिया गया था।

यह था मामला-नजीबाबाद से मुरादाबाद की तरफ आ रही शहीद एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-6 में शुक्रवार रात आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। घटना नगीना रेलवे स्टेशन के पास रात 11:15 बजे हुई। कोच में धुआं भरने पर यात्रियों ने चेन खींची। करीब 80 यात्री नीचे उतर गए। आग की चपेट में आने से कुछ यात्रियों के बैग जल गए। ट्रेन में मौजूद अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग बुझाई गई। रेलवे की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कोच को सामान्य किया। इसके बाद रात 11:50 बजे ट्रेन को मुरादाबाद के लिए रवाना कर दिया गया।प्रारंभिक तौर पर कोच में चार्जिंग सॉकेट के पास शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई। आग लगने और धुआं फैलने से यात्रियों में दहशत फैल गई। सुरक्षा के लिहाज से कोच में सवार सभी यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। सूचना पर रेलवे पुलिस के साथ स्थानीय थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। कोच में धुआं भरा होने के कारण यात्रियों को बाहर ही रखा गया। इस दौरान आग बुझाने के साथ बिजली के तारों की जांच की गई। रेलवे की टीम ने करीब आधे घंटे तक काम कर बिजली के सभी तार दुरुस्त किए और कोच को सामान्य किया। इसके बाद यात्रियों को दोबारा कोच में बैठाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

बरात में आतिशबाजी की चिंगारी से गोदाम में लगी आग, एक घंटे में पाया काबू

रामपुर। गंज क्षेत्र के ग्राम सेजनी नानकार में शनिवार दोपहर पन्नी और पानी की बोतलों के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह बरात चढ़त के दौरान आतिशबाजी से निकली चिंगारी को बताया गया है। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।पुलिस के अनुसार, गांव में वजीर के चौहद्दी प्लॉट में पन्नी और पानी की बोतलों का गोदाम है। शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई।

ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच घटना की जानकारी पाकर पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की कोशिश के बाद आग बुझा दी।

बताया जाता है कि गांव में आई बरात में आतिशबाजी के दौरान निकली चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सीओ सिटी अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर गरजे किसान

रामपुर। ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा और किसानों व मजदूरों की कर्जमाफी समेत पांच मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलक्ट्रेट के सामने स्थित पार्क में प्रदर्शन किया। बाद में कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसानों ने ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का पूरा मुआवजा देने और किसानों व मजदूरों के सभी तरह के कर्ज माफ करने की मांग उठाई। इसके अलावा आत्महत्या करने वाले किसानों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और कर्ज के कारण किसान की आत्महत्या होने पर संबंधित जिले के प्रशासन की जिम्मेदारी तय करने के लिए कानून बनाने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने 'किसानों की मजबूरी है, कर्ज माफ जरूरी है' वही देश पर राज करेगा' जैसे नारे लगाए। कहा कि आंदोलन को लेकर 31 अक्तूबर को दिल्ली में रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष सलीम वारसी, शुऐब इजहार, ,रईस अहमद, मक्खन सिंह, आकिल खान ,जीत सिंह, साबिर अली, हरताल सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

मुरादाबाद के 71 गांवों की खुलेगी किस्मत! कहीं बसेंगी कॉलोनियां तो कहीं खुलेंगी फैक्ट्रियां, लागू हुआ नया मास्टर प्लान

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण 71 गांवों के लिए विस्तारित महायोजना तैयार कर रहा है, जिससे इन क्षेत्रों में आवासीय कॉलोनियां, उद्योग और अन्य प्रतिष्ठान विकसित होंगे। यह योजना भूमि उपयोग बदलेगी, पुराने निर्माणों को विनियमित करेगी।मुरादाबाद शहर अब अपनी पुरानी सीमाओं से आगे बढ़ने की तैयारी में है। शहर के आसपास बसे गांव आने वाले समय में विकास के नए केंद्र बन सकते हैं।

कहीं आवासीय बस्तियां बसेंगी तो कहीं उद्योग, अस्पताल, शिक्षण संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान आकार लेंगे।मगर यह सब कहां और किस तरह होगा, इसका फैसला अब विस्तारित महायोजना करेगी। मुरादाबाद, कांठ, संभल और अमरोहा तहसीलों के 71 राजस्व गांवों को शामिल कर तैयार की जा रही महायोजना शहर के भविष्य की दिशा तय करेगी। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) के विस्तारित क्षेत्र की महायोजना तैयार करने का जिम्मा चयनित कंसल्टेंट को दिया गया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण होगा जमीन का उपयोग यानी लैंड यूज। अभी जिस जमीन पर खेती हो रही है, वह भविष्य में किस तरह के विकास के लिए निर्धारित होगी और कहां आवासीय, औद्योगिक, व्यावसायिक या संस्थागत गतिविधियों को जगह मिलेगी। इसका खाका महायोजना में सामने आएगा। इससे शहर के विस्तार को व्यवस्थित करने और भविष्य की जरूरतों के अनुसार सुविधाएं विकसित करने का रास्ता तैयार होगा। पुराने निर्माणों के सामने भी आएगी नियमों की कसौटी विस्तारित क्षेत्र में पहले से खड़े कारखाने, अस्पताल, नर्सिंग होम, शिक्षण संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। इनके मानचित्र, स्वीकृति और निर्धारित भू-उपयोग के अनुरूप स्थिति की जांच जरूरी होगी।

स्थानीय स्तर पर ऐसे निर्माणों की जानकारी सामने आई है, जिन्हें पहले जिला पंचायत से सशर्त स्वीकृति मिली थी। संबंधित स्वीकृति पत्रों में प्रावधान था कि क्षेत्र एमडीए के अधीन आने पर प्राधिकरण के नियम प्रभावी होंगे।ऐसे में पुराने निर्माणों का भविष्य स्वीकृति की शर्तों, लागू नियमों और संबंधित प्राधिकारी के निर्णय पर निर्भर करेगा। महायोजना लागू होने के बाद केवल जमीन का मालिक होना निर्माण की खुली छूट नहीं होगा। प्रस्तावित निर्माण का भू-उपयोग के अनुरूप होना और नक्शा स्वीकृत कराना जरूरी होगा। नियमों के तहत भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, विकास शुल्क और मानचित्र स्वीकृति शुल्क देय हो सकते हैं। पुराने निर्माणों के नियमितीकरण या शमन का मामला भी निर्धारित पात्रता और नियमों के अनुसार तय होगा। यानी जमीन खरीदने, कारोबार शुरू करने या नया निर्माण कराने की योजना बना रहे लोगों के लिए महायोजना का भू-उपयोग बेहद अहम होगा।

बुनियादी सुविधाओं की बढ़ेगी जरूरत- महायोजना का असर केवल नक्शे और निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा। शहर के फैलाव के साथ सड़क, जलापूर्ति, जल निकासी और दूसरी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत भी बढ़ेगी। नियोजित विकास से इन जरूरतों को पहले से ध्यान में रखने का अवसर मिलेगा। अब निगाहें महायोजना के अंतिम स्वरूप पर हैं। इससे साफ होगा कि 71 गांवों में विकास की कौन सी राह खुलेगी, कहां किस तरह की गतिविधियों को अनुमति मिलेगी और पुराने निर्माणों को नियमों के दायरे में लाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिला पंचायत की सशर्त मंजूरी का भी खुलेगा हिसाब- एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि विस्तारित क्षेत्र में पहले जिला पंचायत से मानचित्र स्वीकृत कराने वाले निर्माणों की स्थिति भी महत्वपूर्ण होगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कुछ इकाइयों को सशर्त मंजूरी दी गई थी। स्वीकृति पत्रों में उल्लेख था कि क्षेत्र एमडीए के अधीन आने पर प्राधिकरण के नियम प्रभावी होंगे। ऐसे में संबंधित निर्माणों के नक्शे, स्वीकृति की शर्तों और मौजूदा स्थिति की जांच जरूरी होगी। पुराने निर्माणों को नियमित करने या शमन का लाभ स्वतः नहीं मिलेगा। इसके लिए लागू नियमों, पात्रता और सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

फतेहगंज पश्चिमी में रामलीला मेले के समापन पर हुआ भव्य दुर्गा जागरण, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

@ क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे के रामलीला मैदान में शनिवार शाम रामलीला मेले के समापन पर आदर्श रामलीला सोसायटी की ओर से भव्य दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। तरुण एंड पार्टी के तत्वावधान में आयोजित जागरण में भजन गायकों ने माता रानी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। देर रात तक पूरा पंडाल माता रानी के जयकारों से गूंजता रहा। जागरण पार्टी के संचालक किशोर कुमार और उनकी टीम सहित अन्य भजन गायकों ने माता रानी की महिमा का गुणगान किया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। जागरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और भक्ति गीतों का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, भाजपा जिला मंत्री संजय चौहान, मेला अध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चक्रवीर सिंह चौहान, डॉ. मुदित प्रताप सिंह, रमन जायसवाल, सभासद प्रदीप गुप्ता, अबोध सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जतिन चौहान, सचिन चौहान, अमित सिंह, महिपाल सिंह, पूर्व प्रधान वेदपाल सिंह, नेत्रपाल , सोनू शर्मा, रवि सिंह, प्रवन , बादल गुप्ता, प्रेम प्रकाश गर्ग,और डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पीईटी परीक्षा दौरान इस्लामिया कॉलेज के केंद्रों पर अचानक पहुंचे डीएम

@ क्यूँ न लिखूँ सच

(ब्यूरो) उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) रविवार को परीक्षा की पहली पाली के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खुद मोर्चा संभालते हुए संवेदनशील और प्रमुख परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीएम अविनाश सिंह अचानक इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज और इस्लामिया बॉयज इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे, जिससे केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी ने केंद्रों के मुख्य द्वार से लेकर परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता हर हाल में कायम रहनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा तय किए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश और बैठने की समुचित व्यवस्था रहे, ताकि दूर-दराज से आए अभ्यर्थियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, उन्होंने सुरक्षाबलों को केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न जुटने देने और कड़ी निगरानी बनाए रखने के सख्त आदेश दिए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

वोटिंग के लिए नहीं बंटेगा परिवार ! डीएम ने राजनीतिक दलों संग बैठक में तय किया फॉर्मूला

@ क्यूँ न लिखूँ सच

(ब्यूरो) बरेली। कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर अहम बैठक हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी परिवार को अलग नहीं किया गया है। परिवार के सभी सदस्य और एक ही भवन में रहने वाले मतदाता एक ही भाग/सेक्शन में पंजीकृत रहेंगे।समय-सीमा तय~ सुझावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद 26 अक्टूबर को सूची फाइनल होगी और 27 अक्टूबर को प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजा जाएगा। सभी एसडीएम को बूथों का स्थलीय निरीक्षण करने और बीएलओ व बीएलए की शत-प्रतिशत तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। राजनीतिक दलों से अपील~ डीएम ने दलों के प्रतिनिधियों से अपने बीएलए और बीएलओ के बीच निरंतर तालमेल बनाए रखने को कहा।बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी व विभिन्न दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

संतोषी मार्ट का विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने किया भव्य उद्घाटन

एक ही छत के नीचे मिलेगी ग्रोसरी और गारमेंट्स की पूरी रेंज

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो) शहर के वीर सावरकर नगर चौराहा स्थित 100 फुटा रोड पर दैनिक जरूरतों के नए केंद्र संतोषी मार्ट का रविवार को धूमधाम से शुभारंभ हुआ। बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा और जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र श्रीवास्तव ने फीता काटकर मार्ट का विधिवत उद्घाटन किया। युवा उद्यमी अमित कुमार द्वारा शुरू किए गए इस आधुनिक मार्ट में ग्राहकों को ग्रोसरी, रोजमर्रा का घरेलू सामान और रेडीमेड कपड़ों की विस्तृत वैरायटी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई गई है। इससे स्थानीय निवासियों को अलग-अलग सामान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।उद्घाटन समारोह में संचालक अमित कुमार के साथ उनके पिता हरिराम, माता अनीता, पत्नी लक्ष्मी और भाई पवन कुमार सहित परिवार के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वीर सावरकर नगर और 100 फुटा रोड क्षेत्र के लोगों के लिए यह मार्ट अब वन-स्टॉप शॉपिंग का बेहतरीन विकल्प बन चुका है।

पीईटी परीक्षा में गहने- जूते उतरवाकर की गई चेकिंग

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी- 2026) के पहले दिन रविवार को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा रही। गड़बड़ी रोकने के लिए अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। महिला अभ्यर्थियों सेमेटल के गहने और बालों की पिन उतरवाई गई, वहीं पुरुष अभ्यर्थियों के कलावा और कड़े भी उतरवाए गए। कई केंद्रों पर जूते-मोजे उतरवाकर भी जांच की गई। परीक्षा केंद्रों के गेट सुबह 9~30 बजे बंद कर दिए गए। इसके बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली, जिससे उन्हें परेशानी हुई उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की पीईटी- 2026 के लिए बरेली जिले में 23 केंद्र बनाए गए हैं। यहां 25, 30 अक्तूबर और 1 नवंबर को परीक्षा होनी है। तीनों दिनों में कुल 62,064 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 3 से 5 बजे तक की गई।

बरेली में 123 किलोमीटर सड़कें अब भी दुरुस्त होना बाकी, 10 नवंबर तक चलेगा अभियान

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है तो ग्रामीण अब इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए जल निगम ग्रामीण ने टोल फ्री नंबर समेत कई माध्यम उपलब्ध कराए हैं। जिले में पाइपलाइन बिछाने के दौरान कुल 4277 किलोमीटर सड़क खोदी गई थी। इनमें से 4154 किलोमीटर सड़क की मरम्मत कराई जा चुकी है, जबकि 123 किलोमीटर सड़क को दुरुस्त कराने की प्रक्रिया चल रही है। जल निगम ग्रामीण की ओर से सड़कों की मरम्मत के लिए 10 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जिन गांवों में पाइपलाइन डालने के बाद सड़कें ठीक नहीं कराई गई हैं, वहां के लोग इसकी सूचना दें। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। सड़क की मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीण जल निगम ग्रामीण के टोल फ्री नंबर 1800-121-2164 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा जल समाधान एप और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी समस्या बताई जा सकती है। जलसारथी एप पर क्षतिग्रस्त सड़क की फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत करने की सुविधा भी उपलब्ध है। अधिशासी अभियंता आकांक्षा सिंह ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को जल्द दुरुस्त कराना विभाग की प्राथमिकता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

कांग्रेस ने महर्षि वाल्मीकि और अमर बलिदानी गणेश शंकर विद्यार्थी को किया नमन

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। महानगर कांग्रेस कमेटी ने सिटी सब्जी मंडी स्थित मंदिर में महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव और अमर स्वतंत्रता सेनानी व पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों के आदर्शों को याद किया। दिनेश दद्दा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के बताए सद्भाव और समानता के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है, साथ ही उन्होंने विद्यार्थी जी के साहस, त्याग और निष्पक्ष पत्रकारिता के मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य महापुरुषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान डॉ. हरीश गंगवार, सुरेश दिवाकर, डॉ. सरताज हुसैन, उमेश आर्य, तीरथ मधुकर, मनोज शर्मा, योगेश जायसवाल, सफदर अली बुखारी, राजीव वाल्मीकि, राहुल राजे वाल्मीकि और राजेंद्र प्रसाद राजे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध मादक पदार्थ के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

@ क्यूँ न लिखूँ सच

भुता (शेर सिंह) । मुखबर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव पटपटगंज अधकटा पुलिया के पास से 54 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

शनिवार को मुखबर की सूचना पर उप निरीक्षक रोहन राणा ने अपनी टीम के साथ ग्राम अधकटा पुलिया से पटपटगंज के तरफ जाने वाले रास्ते पर छत्रपाल पुत्र ख्याली राम निवासी ग्राम खुर्रम गोटिया थाना शाही को 54 ग्राम अवैध मादक पदार्थ व एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो घायल

फतेहगंज पश्चिमी~ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह पट्टी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है, जानकारी के अनुसार, कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला अंसारी निवासी आशिक अंसारी और अंसार अहमद रविवार सुबह अपने निजी काम से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर मीरगंज जा रहे थे। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर पट्टी पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई हैं

दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल निजी अस्पताल भर्ती कराया जहां उपचार चल रहा है।

कॉलेज से लौटती छात्रा से छेड़खानी, पिता ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

बरेली। (ब्यूरो)। एक कॉलेज से लौट रही छात्रा से छेड़खानी का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने दो नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ बिथरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी एक कॉलेज में पढ़ाई करती है। बेटी जब कॉलेज जाती थी, तो रामनगर गौटिया निवासी अमन उसे रास्ते में रोककर परेशान करता था। अमन उनकी बेटी से दोस्ती करने का दबाव बनाता था और मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था। अमन कई महीनों से उनकी बेटी का पीछा कर रहा था। शनिवार को दोपहर करीब 2~44 बजे छात्रा कॉलेज से लौट रही थी। रास्ते में अमन ने उनकी बेटी को पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। आरोपी से बचकर छात्रा पार्क में चली गई तो आरोपी भी वहां पहुंच गया। इस छात्रा ने तुरंत अपने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी।

अंग्रेजी शराब की दुकान का ताला काटकर 1.42 लाख की नगदी की पार ; सीसीटीवी में कैद हुए चार चोर

बरेली। (ब्यूरो)। सेंथल। कस्बे में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाकर दुकान का ताला तोड़ कर वहां रखी एक लाख से अधिक की नकदी और शराब चोरी कर ली। दुकान में चोरी करने वाले चार चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना की तहरीर शराब की दुकान के सेल्समैन की ओर से थाना हाफिजगंज में दी गई है।कस्बे के स्टेशन मार्ग पर बरेली के सोहेल खान की अंग्रेजी शराब की दुकान है। जनपद पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गोनरीदान गांव के नरेंद्र कुमार और कस्बा में रहने वाले सभासद हरीशंकर सेल्समैन है।

बीएससी नर्सिंग छात्रों की शिकायत पर प्रबंधन ने लिया संज्ञान, अभद्र व्यवहार व अंको में भेदभाव लेकर जांच कमेटी गठित होगी

भुता (शेर सिंह) । मैकपुर स्थित एसआर पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में बीएससी नर्सिंग के छात्रों की ओर से प्रिंसिपल के अभद्र व्यवहार व अंकों में भेदभाव को लेकर की गई शिकायत के बाद विद्यालय प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लिया है। संस्थान के चेयरमैन डॉ. रतन गंगवार ने छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए जांच कमेटी गठित करने की बात कही है।चेयरमैन डॉ. रतन गंगवार ने बताया कि उन्होंने छात्रों से अलग-अलग बातचीत की है प्रिंसिपल के अभद्र व्यवहार व अंकों में भेदभाव को लेकर छात्रों में कुछ भ्रम था, जिसे बातचीत के दौरान स्पष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि छात्रों को उनकी विद्यालय में उपस्थिति के आधार पर ही अंक दिए गए हैं। इसके बावजूद भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एक कमेटी गठित की जा रही है, जो छात्रों की अन्य सभी समस्याओं और अंक संबंधी मामलों को देखेगी। छात्रों ने बताया कि चेयरमैन से बातचीत के दौरान उन्हें अपनी समस्या रखने का तरीका भी बताया गया। पहले अपनी शिकायत क्लास टीचर के सामने रखने और समाधान न होने पर प्रधानाचार्य के पास जाने के लिए कहा गया है। छात्रों का कहना है कि प्रबंधन ने उनकी भविष्य में समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया है। इधर छात्रों की समस्या प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रबंधन ने संज्ञान लिया, छात्रों से बातचीत कर समस्या का समाधान का आश्वासन दिए जाने पर छात्रों में सकारात्मक पहल सामने आयी।

योग से स्वस्थ जीवन और नारी शक्ति को मिलेगा बढ़ावा

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बिलारी । बिलारी योग परिवार संगठन की ओर से योगशाला में मनुष्य के दैनिक जीवन में योग के महत्व और महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी और उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शंकर सहाय हरसहाय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता राठौर रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल शर्मा ने की। मुख्य योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर ने योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान जीवनशैली को देखते हुए प्रतिदिन व्यायाम और प्राणायाम करना आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन को स्वस्थ और व्यवस्थित बना सकता है। इस अवसर पर योग परिवार संगठन की ओर से मुख्य अतिथि सुनीता राठौर का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यशाला में मिशन शक्ति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग परिवार संगठन की मासिक लकी ड्रा योजना का दसवां ड्रॉ भी संपन्न हुआ। नारी शक्ति मिशन पर केंद्रित इस आयोजन में महिला वर्ग से अनीता चौधरी, मंजू देवी चौधरी और प्रीति चौधरी तथा पुरुष वर्ग से नितिन जैन भाग्यशाली विजेता रहे। टोकन प्रणाली के माध्यम से चयनित सभी विजेताओं को संगठन की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नागरिक मंच के संयोजक संजय सक्सेना ने किया। इस दौरान वरिष्ठ योग शिक्षिका राशि शर्मा, योग शिक्षिका पूजा जैन, ममता फोगाट, रजनी सिंह, गीता रानी चंद्रवंशी, मधु रानी चौधरी, रीमा मौर्य और माया देवी सहित अन्य महिलाओं ने सहभागिता की। आयोजन को सफल बनाने में योग शिक्षक नरेंद्र सिंह, राकेश , राहुल डॉ. राजवीर , रामप्रताप , अजय राठी, सौरभ गुप्ता, राजेंद्र सिंह, चौधरी विजयपाल सिंह और रामकिशोर गुप्ता सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

रोटरी क्लब मुरादाबाद हेरिटेज की दीपावली सभा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

@ क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद । रोटरी क्लब मुरादाबाद हेरिटेज की दीपावली के उपलक्ष में आयोजित दीपावली सभा सांस्कृतिक उल्लास एवं पारिवारिक आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुई।

इस दौरान दीपावली नृत्य, रामायण पर आधारित नाटिका, भगवान श्रीराम एवं माता सीता के स्वागत की मनोहारी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मनोरंजक खेलों, लकी ड्रॉ एवं हाउजी ने कार्यक्रम में उत्साह और

उमंग का संचार किया। कार्यक्रम का संयोजन रोटेरियन हेमा रस्तोगी व एनी साधना अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, सचिव माधुरी गुप्ता, दिवाकर अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, रमित गर्ग, अनिल अग्रवाल, सोमेंद्र अग्रवाल , सुनील अग्रवाल, आनंद मोहन गुप्ता, नीरज अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अमित अग्रवाल , साईं प्रकाश, रविंद्र अग्रवाल, मनु अरोड़ा, प्रमोद अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, स्वदेश अग्रवाल, राखी गुप्ता, डॉ सुगंधा अग्रवाल आदि रहे।

वर्ल्ड पोलियो डे पर निकाली पोलियो एंड फिटनेस जागरुकता रैली

@ क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद । वर्ल्ड पोलियो डे के अवसर पर जनजागरण संदेश देने के लिए और जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए मुरादाबाद के सभी रोटरी क्लबों ने संयुक्त पोलियो एंड फिटनेस रैली का आयोजन किया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पायल गौड़ के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष और एंड पोलियो नाओ की चेयर रोटेरियन.दीपा खन्ना और विशिष्ट अतिथि एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव ने पोलियो झंडा फहराकर किया कार्यक्रम में 15 स्कूलों से इंटेरेक्ट क्लबों के 300 बच्चे,रोटरी क्लबों के 350 रोटेरियन,प्रशासनिक अधिकारी,शिक्षक,रोटरी के मंडलीय अधिकारी,विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा.राबिया खान,डॉ.सुरभि शुक्ला और समाज के जागरूक व्यक्ति शामिल रहे। लासा मार्ट सिविल लाइन से प्रारंभ हुई यह रैली नंदन स्वीट्स,पीली कोठी, अंबेडकर पार्क,जैन मंदिर, कंपनी बाग,होती हुई पंचायत भवन पर समाप्त हुई। रैली में बच्चों और बड़ों ने सभी को पोलियो और फिट रहने के लिए और उसके बचाव के लिए हर 5 साल से छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप अवश्य पिलाने का संदेश दिया। सभी का एक छोटा सा प्रयास किसी बच्चे का भविष्य सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है,यह संदेश दिया। कोई भी बच्चा छूट न जाए पोलियो की खुराक हर बच्चे को पिलाए।झंडों और बैनर्स के माध्यम से पोलियो और फिटनेस नारों से सभी को प्रेरणादायक संदेश दिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व गवर्नर रोटेरियन दीपा खन्ना ने कहा कि पोलियो को समाप्त करने में रोटरी इंटरनेशनल का योगदान ऐतिहासिक और बहुत बड़ा रहा है। रोटरी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के साथ मिलकर पोलियो को हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रोटरी सदस्य सदैव घर-घर जाकर दवा पिलाने और जागरूकता फैलाने में पिछले 35 वर्षों से निरंतर सेवा कार्य कर रहे हैं।

इसके परिणाम स्वरुप भारत में ही नहीं ब्लकि आसपास में भी कोई पोलियो का केस नहीं है।इसके साथ ही सभी को पूर्ण स्वस्थ,निरोगी रहने के लिए नियमित योग, वॉकिंग और उत्तम जीवन शैली धारण करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एडीएम सिटी ने कहा रोटरी इंटरनेशनल द्वारा निरंतर समाज सेवा,पोलियो को समाप्त करने में और सभी के उत्तम स्वास्थ्य में ऐतिहासिक और अग्रणी भूमिका निभायी है। रैली संयोजक और फिट डिस्टिक्ट कैंपेन के चेयर डॉ.मनोज रस्तोगी ने बताया कि पोलियो को हराने में रोटरी ने पिछले 35 वर्षों से अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में राजीव गुलाटी,अंशुल शर्मा,विकास अग्रवाल,संजय गुप्ता,अतुल सोती,अनुराधा गुप्ता,क्षितिज रस्तोगी,नीरज सिंघल,पंकज महेश्वरी,सारंग गोयल,डॉ गौरव कुमार,अमित रस्तोगी,डॉ.गोविंद नौन्याल,अमित गुप्ता,रामचंद्र सोती,नीरज अग्रवाल,अरविंद गुप्ता,अक्षय जैन,भरत अग्रवाल,अनुज अग्रवाल,रवि शंकर सिंह,सुनील पथिक,नीरज गुप्ता,रविंद्र अग्रवाल,देवेंद्र कत्याल,अर्चना अग्रवाल,दिवाकर अग्रवाल, प्रदीप शर्मा,राजीव सक्सेना, राशि सिंघल,प्रशांत सिंघल,नलिन अग्रवाल,सुनील भंडूला,डॉ.गिरजेश केन,वरुण गोयल,अजय मेहरोत्रा,आदर्श गुप्ता,रविंद्र रस्तोगी,सुमन रस्तोगी,प्रवीन अग्रवाल,संजय गुप्ता,रश्मि रस्तोगी,ममता रस्तोगी,गौरव गुप्ता,सुशील साहू,शैलेंद्र,डा.नीतिश गर्ग,संजय शाह,राघव अग्रवाल,लवली गुप्ता,सचिन अग्रवाल,मानिक रस्तोगी आदि रहे।

संक्षिप्त समाचार

विज्ञान विषय में परिधि ने हासिल किए 100 में 100 अंक, विद्यालय ने किया सम्मानित

मुरादाबाद **@ क्यूँ न लिखूँ सच** सेंट मैरी स्कूल की छात्रा परिधि ने सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा में विज्ञान विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के वार्षिक समारोह 2026-27 में उन्हें सम्मानित किया गया। परिधि की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी माता भावना और पिता अनिल ने बेटी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विज्ञान विषय में पूर्ण अंक प्राप्त करना उनकी मेहनत, लगन और पढ़ाई के प्रति समर्पण को दर्शाता है। विद्यालय के वार्षिक समारोह में परिधि को सम्मानित किए जाने से उनकी उपलब्धि को विशेष पहचान मिली। उनकी सफलता से परिवारजनों और शुभचिंतकों में हर्ष है। परिधि की इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है।

मेला देखने गए युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

बिलारी **@ क्यूँ न लिखूँ सच** कोतवाली क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर निवासी विवेक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईस अक्टूबर को उसके बड़े भाई अंकित सहसपुर में मेला देखने गये थे, वहां पर अजय, राहुल, विक्की और दीपक से कहा सुनी हो गई थी इसके बाद घर वापस आते समय चारों आरोपियों ने उसके बड़े भाई को डंडे बेल्ट से मारपीट कर घायल कर दिया।

युवती ने वीडियो वायरल कर प्रेमी से शादी करने की दी जानकारी

बिलारी **@ क्यूँ न लिखूँ सच** । थाना क्षेत्र के गाँव सहसपुर की एक युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें युवती ने स्वयं को बालिग बताते हुए अपने प्रेमी के साथ अपनी स्वेच्छा से विवाह करने की बात कही है। युवती का कहना है हम दोनों के बीच तीन साल से संबंध हैं। युवती ने अपने मायके वालों से उन्हें परेशान न करने की अपील की है। परिजनों ने पुलिस को बताया युवती चंदौसी में अपनी रिश्तेदारी में गई थी, जहां से वह युवक के साथ कहीं चली गई। अभी परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। वायरल वीडियो की तकनीकी जांच के लिए अधिकारियों को भेजा है। यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।

राज तिलक के उपरांत सहसपुर की रामलीला का समापन

बिलारी **@ क्यूँ न लिखूँ सच** । राजमहल सहसपुर के रंग मंच पर चल रहे रामलीला मंचन में राजतिलक के साथ रामलीला का विश्राम हुआ। राजाराम सरकार रामलीला मंडल झांसी के डायरेक्टर उत्तम कुमार के निर्देशन में कलाकारों ने अभिनय करके दर्शकों के मन में अपनी जगह बनाई। रामलीला और मेला आयोजक प्रदेश की पूर्व विद्युत मंत्री रानी रीना कुमारी ने राम, सीता,लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ आदि का तिलक करके उनकी आरती उतारी। पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान उनके सुपुत्र दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा राजा, मेला प्रबंधक प्रदीप शर्मा, संजू गुप्ता, सुरेश पाल, वसीम इदरीसी आदि रहे। रामलीला मैदान में दशहरा मेला जारी है जिसमें खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। मेले को लेकर सहसपुर में खुशी का वातावरण है।

भाजपाइयों ने सामूहिक रूप से सुना मन की बात कार्यक्रम

बिलारी **@ क्यूँ न लिखूँ सच** भारतीय जनता पार्टी मंडल बिलारी के बूथ संख्या 255 पर रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका परिषद बिलारी के नामित सभासद श्रीकांत गुप्ता के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष रोबिन गुप्ता ने की। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी पंकज गुप्ता, विधानसभा विस्तारक विनय, शक्ति केंद्र संयोजक पंकज सुमित , किशनलाल , विनोद घनश्याम , मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता , मंडल महामंत्री मनोज र, गोपाल आर्य और दिनेश प्रजापति सहित बूथ समिति के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात जैसे कार्यक्रम प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

योगी से सर्वराज की मुलाकात के क्या हैं मायने ; क्या कुंवर सिद्धराज सिंह पर दांव लगाएगी भाजपा ?

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। आंवला में 2027 के चुनावी दंगल की बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा सियासी हलचल जिस एक नाम को लेकर है, वह है कुंवर सिद्धराज सिंह। पूर्व सांसद कुंवर सर्वराज सिंह की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हालिया मुलाकात के बाद चर्चाओं का बाजार पूरी तरह गर्म हो चुका है। धर्मपाल सिंह के राज्यसभा जाने के बाद आंवला सीट पर नए चेहरे की तलाश तेज है। ऐसे में सिद्धराज सिंह की दावेदारी को हवा देने वाले तीन बड़े समीकरण उभरकर सामने आते हैं-मजबूत राजनीतिक विरासत~ सिद्धराज सिंह पूर्व सांसद कुंवर सर्वराज सिंह के बेटे हैं। परिवार का आंवला लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में दशकों पुराना प्रभाव रहा है। सख्त चुनावी अनुभव- 2017 के विधानसभा चुनाव में सिद्धराज सिंह ने सपा प्रत्याशी के तौर पर 59,619 वोट बटोरे थे और भाजपा के धर्मपाल सिंह से महज 3,546 वोटों के अंतर से रनरअप रहे थे। वे क्षेत्र के हर बूथ और चुनावी भूगोल से पूरी तरह वाकिफ हैं। समय और समीकरण~ दिसंबर 2021 में भाजपा का दामन थामने वाले सिद्धराज अब पार्टी के भीतर हैं। पिता की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई मुलाकात ने उनकी दावेदारी को और मजबूती दे दी है। रेस में पूर्व विधायक आर.के. शर्मा, समाजसेवी निहाल सिंह और ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह जैसे नाम भी चर्चा में हैं। मगर राजनीतिक विरासत, सीधा चुनावी अनुभव और मौजूदा भाजपाई पहचान-यह त्रिकोणीय ताकत सिद्धराज सिंह को दावेदारों की कतार में सबसे आगे लाकर खड़ा करती है। टिकट का अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान के हाथ में है, लेकिन इतना तय है कि 2027 की चुनावी जंग में सिद्धराज सिंह की दावेदारी को नजरअंदाज करना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा।

जावती में रास्ते पर चबूतरे बनने से आवागमन बाधित, ग्रामीणों को परेशानी

@ क्यूँ न लिखूँ सच



(हाकम सिंह रघुवंशी) खाराकुआ मोहल्ले में ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित, नाली में पत्थर रखने से सीसी रोड पर बह रहा पानीआनंदपुर! विकासखंड लटेरी की ग्राम पंचायत जावती के खाराकुआ मोहल्ले में रास्ते पर चबूतरे बनाए जाने और नाली में बड़े-बड़े पत्थर रखे जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ते में चबूतरे होने के कारण ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है।

वहीं, नाली का पानी सीसी रोड पर बहने से भी समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में ग्राम पंचायत जावती के सरपंच दिमानसिंह कुशवाह ने अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर समस्या के निराकरण की मांग की है। मोहल्ले में दिमान पुत्र हजारीलाल कुशवाह के घर के पास चबूतरा बना होने से वाहनों को निकलने में परेशानी होती है। इसी तरह हरगोविंद पुत्र रामप्रसाद कुशवाह के घर के पास बने चबूतरे के कारण भी ट्रैक्टर और अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने की बात कही गई है। विवाद की आशंका, कार्रवाई की मांग- सरपंच के अनुसार, रास्ते में बाधा उत्पन्न होने से ग्रामीण परेशान हैं। वर्तमान में बोवनी का समय होने के कारण किसानों को ट्रैक्टर सहित कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले वाहनों के आवागमन में परेशानी हो सकती है। आवेदन में यह भी आशंका जताई गई है कि रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है। सरपंच ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर रास्ते में आवागमन की बाधा दूर कराने तथा नाली की समस्या का निराकरण कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का समापन

लोकनृत्य में विजेता बहनों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

@ क्यूँ न लिखूँ सच

गुहावर (बिजनौर) विद्या भारती जन शिक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, भवाल में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। महोत्सव में 14 जिलों से विभागीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 210 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बहनों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, अनुशासन, चरित्र निर्माण और देशभक्ति की भावना विकसित करना रहा।

इस दौरान प्रश्नमंच, अंत्याक्षरी, प्रेरक पौराणिक प्रसंग, ऐतिहासिक एवं लोक कथाएं, स्वरचित कविता, भाषण, चित्रकला, मूर्तिकला तथा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित चित्रकला एवं मूर्तिकला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए।

प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में संरक्षक आचार्यों, निर्णायक मंडल और संचालन टोली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं इंजीनियर कवि राणा ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण में सहयोग के लिए 11 हजार रुपये प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी चरित्रवान, देशभक्त और अनुशासित बनें। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आचरण और व्यवहार से समाज में आदर्श स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि प्रांतीय प्रतियोगिता के बाद क्षेत्रीय प्रतियोगिता बरेली में आयोजित होगी, जिसमें उत्तराखंड और ब्रज प्रांत के विजेता विद्यार्थी भी प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद विद्यार्थियों को अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम प्रदेश निरीक्षक हेमराज सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें गाजियाबाद के संभाग निरीक्षक रविंद्र सिंह, संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्र संयोजक यशपाल सिंह, मुरादाबाद विभाग के शैक्षिक प्रमुख राजवीर सिंह यादव, कार्यालय लेखा प्रभारी तेजपाल सिंह, बिजनौर एवं संभल विभाग के पंकज चौहान, मेरठ के अवनीश चौहान, अमरोहा के प्रभात शंकर तिवारी, मुजफ्फरनगर के स्वर्ण सिंह, बिजनौर के योगेश कुमार, रामवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने सहयोग किया।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र देवड़ा, कार्यालय प्रमुख मुकेश चंद्र, ग्राम भारती पिलखुवा के राजकुमार, बुलंदशहर के जितेंद्र शर्मा, मुरादाबाद के रामपाल भाटी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सर्वव्यवस्था प्रमुख कृष्णपाल सिंह सहित अन्य लोगों का आयोजन को सफल बनाने में योगदान रहा। स्थानीय विद्यालय प्रबंध समिति, प्रधानाचार्य और 26 आचार्यों ने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के लिए परिश्रम किया। लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बहनों को विद्या भारती सेवा क्षेत्र शिक्षा के संयोजक तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन गाजियाबाद के संभाग निरीक्षक रविंद्र सिंह और मेरठ के संभाग निरीक्षक ओंकार सिंह ने किया। अंत में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ महोत्सव का समापन हुआ। विद्यालय के उपप्रबंधक ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जनजागरूकता सम्मेलन आयोजित करेगी परिषद

राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की प्रदेश संगठन समीक्षा बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार पर जोर

मुरादाबाद @ क्यूँ न लिखूँ सच

। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद भारत के प्रदेश संगठन की समीक्षा बैठक डीके रिसोर्ट में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्रा ने की, जबकि संचालन शफीकुर्रहमान वरकाती और डीपी शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में देश में भ्रष्टाचार की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे दूर करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। केके मिश्रा ने कहा कि परिषद पिछले 30 वर्षों से जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास कर रही है। परिषद की ओर से प्रत्येक विधानसभा और जिला स्तर पर जनजागरूकता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें लोगों को भ्रष्टाचार से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। केके मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य, राजस्व, विद्युत तथा खाद्य एवं रसद सहित विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती हैं। उन्होंने दवाइयों की कीमतों और गुणवत्ता का मुद्दा उठाते हुए सरकार से दवाओं की गुणवत्ता की जांच कराने और उनकी कीमतें कम करने की व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आम जनता को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने निजी अस्पतालों में मरीजों के रहने, उपचार और ऑपरेशन के खर्च की दर सूची प्रदर्शित करने तथा ऑपरेशन की फीस निर्धारित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने अस्पतालों में प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति पर भी जोर दिया। शिक्षा व्यवस्था पर विचार व्यक्त करते हुए मिश्रा ने कहा कि सभी को शिक्षा का अधिकार है, लेकिन शिक्षा प्रदान करने में असमानता दिखाई देती है। युवाओं को योग्य बनाने के लिए नर्सरी और प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आवश्यक है। उन्होंने परिश्रमी शिक्षकों की नियुक्ति, निजी विद्यालयों की मनमानी पर रोक तथा विभिन्न शिक्षा बोर्डों की फीस की न्यूनतम और अधिकतम सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता बताई। संगठनात्मक विषयों पर उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक जिलाध्यक्ष महीने में कम से कम एक बैठक सुनिश्चित करें। बैठक की रिपोर्ट और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों की छायाप्रति सहित विवरण प्रशासनिक कार्यालय को भेजा जाए। सूचना मांगने पर संबंधित सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में लखनऊ कार्यालय में अपील की जाए। उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिला और महानगर कार्यकारिणी का विस्तार करने पर भी जोर दिया। बैठक में शाहिद हुसैन, शशिराम सिंह, डीपी शर्मा, अमित गौतम, शाहनवाज सम्भली, सुमित शर्मा, बृजेश यादव, राकेश वार्ष्णेय, शांतनु सक्सेना, तेजपाल सिंह, बिजेंद्र यादव, रवि गुलाटी, एएस कुरैशी, प्रकाश वाल्मीकि, नरेश बहादुर, हरिशंकर सिंह यादव, मो. अली, पुष्पेंद्र यादव, गोविन्द राम शर्मा, करन सिंह, रावेद यादव, राम किशोर, सतवारी, मनीष कुमार, इकबाल वारसी, डॉ. मो. आसिफ, संदीप कुमार, शैलेंद्र प्रताप सिंह, एसडी मो. अशरफ, बनुसरत अली, ललितेश कुमार, मो. फुरकान, नफीसुद्दीन और विपिन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

थाना सिविल लाइन्स पुलिस नें एक अभियुक्त को भेजा जेल

जनपद बदायूं में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत वादी श्री आशीष पुत्र किशन चन्द्र सिंह निवासी मधुबन कालोनी थाना सिविल लाइन बदायूँ अपने मित्र बैभव कुमार पुत्र चन्द्रप्रकाश गुप्ता निवासी ब्रहामपुर थाना सिविल लाइन बदायूँ के मय एक किता प्रार्थना पत्र बावत मय एक अभियुक्त (चोर) प्रशान्त पाल पुत्र नन्हेपाल निवासी ग्राम कण्डेला थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ द्वारा उसकी मोटर साइकिल बुलट मोटर साइकिल क्र24म्न-7416 चोरी कर ले जाते समय पकड लेने के सम्बन्ध में मय अभियुक्त प्रशान्त पाल उपरोक्त मय मोटर साइकिल बुलेट के उपस्थित थाने आये। इस सन्दर्भ में थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 386/26 धारा 303(2),317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राज तिलक प्रसंग के उपरांत राजमहल में हुआ रामलीला मंचन का विश्राम

बिलारी **क्यूँ न लिखूँ सच** । राजमहल सहसपुर में श्री रामलीला मंचन में राजतिलक के प्रसंग का मंचन किया गया। इसी के साथ रामलीला का विश्राम हुआ। राजाराम सरकार रामलीला मंडल झांसी के डायरेक्टर उत्तम कुमार के निर्देशन में कलाकारों ने प्रभावी अभिनय करके दर्शकों के मन में अमिट छाप बनाई। रामलीला और मेले की आयोजक प्रदेश शासन की पूर्व विद्युत मंत्री रानी रीना कुमारी ने राम के पात्र का तिलक किया इन्हीं के साथ सीता,लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ आदि का तिलक करके उनकी आरती उतारी। समूचा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान दिग्विजय सिंह उर्फ बाबा राजा, डा भूपेंद्र कुमार श्रोत्रिय, मेला प्रबंधक प्रदीप शर्मा, संजू गुप्ता, सुरेश पाल, वसीम इदरीसी आदि रहे। रामलीला मैदान में दशहरा मेला जारी है जिसमें खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। रामनगर गंगपुर के मेला दर्शक विनेश मौर्य का कहना है कि इस मेले में घरेलू उपयोग की कुछ खास चीजें मिल जाती हैं। पूर्व प्रधान मोहम्मद याकूब के अलावा इरशाद हुसैन अंसारी, सिद्धार्थ शेखर, इरशाद अहमद, शरद गुप्ता, डॉ अयूब अंसारी आदि का कहना है कि यह उत्तर भारत का प्रसिद्ध रामलीला मेला है जिसका इतिहास ढाई सौ वर्ष से अधिक पुराना है इसने सहसपुर को विदेश में भी पहचान दिलाई है हमें इस मेले पर गर्व है।

मानपुर सावित में आजाद समाज पार्टी की बैठक, विधानसभा कमेटी को मजबूत करने पर जोर

डिलारी (मुरादाबाद)। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मानपुर सावित में रविवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की विधानसभा क्षेत्र 26 ठाकुरद्वारा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा कमेटी को मजबूत बनाने, पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान विधानसभा कमेटी को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विधानसभा उपाध्यक्षों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पार्टी संगठन का विस्तार करने और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर बूथ कमेटियों का गठन पूरा करने को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक जिम्मेदारियों के निर्वहन और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर अशोक कुमार सागर, जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी क्षेत्र 26 ठाकुरद्वारा, वेदपाल सिंह मंडल संयोजक मुस्लिम भाईचारा, सूरज पाल सिंह जिला प्रभारी युवा मोर्चा, शादीकुल रहमान जिला संगठन मंत्री, राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा, नवी हसन जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा और शमशाद हुसैन विधानसभा अध्यक्ष ठाकुरद्वारा सहित आबिद अली, गुलाम चौधरी, निसार भाई, कासिद हुसैन, शहजाद हुसैन, डॉ. हाशिम, मोहम्मद मुज्जक्किर, डॉ. मुनेश, मोहम्मद फईम, सलामत हुसैन, अमीमुद्दीन, आयूब जीशान , रवि कुमार, राजकुमार, हर्ष और गौरव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Health Talk: What is the difference between type 1 and type 2 diabetes? How do these two diseases develop and how to prevent them?

The causes, symptoms, and treatment methods for type 1 and type 2 diabetes differ. In type 1, the body significantly reduces or stops producing insulin, while in type 2, insulin utilization is affected. Recognizing the symptoms, getting timely testing, and receiving appropriate treatment are crucial. Diabetes is a serious health problem whose risk is rapidly increasing. Even younger people are falling prey to it. Diabetes is considered a silent threat because frequently high blood sugar levels can negatively impact overall health. Over time, it also increases the risk of damage to the eyes, kidneys, heart, and nerves. This is why health experts advise everyone to keep their blood sugar levels under control. It's often believed that diabetes is caused solely by eating too much sugar. But did you know that sometimes this disease is caused by the body's own fault? Type 1 diabetes is a problem that everyone has been warned about. Now the question is, how are Type 1 and Type 2 diabetes different conditions, and which one is more dangerous? Learn about both types of diabetes. The main types of diabetes are Type 1 and Type 2, but their causes, symptoms, and treatment methods can vary. In Type 1 diabetes, the body's immune system mistakenly attacks insulin-producing cells, leading to a lack of insulin in the body. In Type 2 diabetes, the body is unable to use insulin properly or cannot produce enough insulin as needed. Type 1 diabetes often occurs in children and young adults, while the risk of Type 2 can increase due to factors such as aging, excess weight, lack of physical activity, and family history. The question arises: how to differentiate between the two, what are their early symptoms, and what steps should be taken to prevent them? Type 1 Diabetes Problems: If you are diagnosed with type 1 diabetes, it means that your pancreas either doesn't produce insulin or produces very little insulin. Insulin helps blood sugar enter the body's cells to be used as energy. Without insulin, blood sugar cannot enter the cells and builds up in the blood. Symptoms of both type 1 and type 2 diabetes are similar. Patients may experience excessive thirst, more frequent urination than usual, extreme fatigue, itching around the genital area, and blurred vision. Type 2 Diabetes Problems: Type 2 diabetes is a sign of a problem with the way the body uses glucose for energy. It is also caused by problems with the hormone insulin in the body. People with an overweight or inactive lifestyle, and a family history of type 2 diabetes, are at higher risk. Anyone can be at risk for this type of diabetes, and everyone should practice preventative measures. Similar to the symptoms of type 1 diabetes, people with this type of diabetes may often experience increased thirst, frequent urination, weight loss, fatigue, blurred vision, prolonged wound healing, and frequent infections. People with type 2 diabetes are advised to make consistent efforts to maintain a healthy diet and daily routine. What is the difference between type 1 and type 2 diabetes? Both type 1 and type 2 diabetes are diseases characterized by elevated blood sugar levels, but their causes are different. In type 1 diabetes, the body's immune system mistakenly damages insulin-producing cells, significantly reducing or stopping insulin production. In type 2 diabetes, the body cannot use insulin properly or does not produce enough insulin. Both types may experience symptoms such as frequent thirst, frequent urination, fatigue, and weight changes. Type 1 cannot be prevented by lifestyle, while the risk of type 2 can be reduced by eating a balanced diet, exercising regularly and maintaining a healthy weight.

Health Alert: How beneficial is drinking coconut water during dengue? Learn the truth about platelets

Coconut water, ORS, and juice without added sugar can help replenish fluids in the body during dengue. However, there is insufficient evidence that coconut water increases platelets. Keep the patient under the supervision of a doctor, and seek medical attention immediately if they experience abdominal pain, vomiting, or bleeding. Mosquito bites can lead to various diseases, including dengue and malaria, which is why health experts advise everyone to continue taking preventative measures against mosquitoes. The risk of dengue and malaria increases significantly in many states across the country, including Delhi-NCR, during the months of August and October. Dengue can cause symptoms such as high fever, headache, body aches, weakness, and loss of appetite. In severe cases, vomiting, bloody stools, and low blood pressure can also occur. Health experts say that not paying attention to dengue symptoms early can lead to the condition worsening, and in many cases, it can even have life-threatening side effects. Health experts say that dengue can sometimes become more dangerous after the fever subsides. This is why it's important to be extra cautious about symptoms. Can coconut water and juice be beneficial in dengue cases? It's common for dengue cases to be dehydrated due to fever and low water intake. In such cases, patients are given coconut water and fruit juice. These drinks provide fluids and some nutrients to the body. Can drinking coconut water also increase platelets? How beneficial is drinking coconut water in dengue? Coconut water provides the body with fluids and electrolytes like potassium, so it is considered beneficial for dengue patients. However, coconut water alone is not sufficient for severe dehydration. Furthermore, there is no strong scientific evidence that coconut water directly increases the platelet count reduced in dengue. The main cause of low platelet count in dengue is the viral infection. As the infection resolves, the bone marrow naturally resumes platelet production. Coconut water has no indications for increasing platelets. Is fruit juice appropriate for dengue? Hygienically prepared fresh fruit juice can be given to patients in limited quantities. Fruit juices like orange and seasonal fruits provide fluids and nutrients. However, whole fruits are high in fiber. Diabetics should be especially mindful of the sugar content in juices. Always consume fresh fruit juices; it is important to avoid packaged juices, as they can increase sugar levels in the body. What precautions should be taken in dengue? The danger of dengue can persist even after the fever subsides. If you experience severe abdominal pain, persistent vomiting, bleeding from the nose or gums, black stools, extreme lethargy, or difficulty breathing, seek medical attention immediately. Take paracetamol for fever only after consulting a doctor. Avoid medications like aspirin and ibuprofen, as these can increase the risk of bleeding. Dengue is a viral infection, and it is important to keep an eye on its symptoms. Coconut water can help reduce problems like dehydration, but it is not a cure. It is important for the patient to rest, drink plenty of fluids, and seek medical advice.

Parenting Tips: To avoid regretting hiring a nanny, working parents should keep these things in mind.

These days, balancing work and family responsibilities is difficult for working parents, especially when there is no other member at home to care for the child. In today's times, the trend of nuclear families has increased over joint families. Even in these families, if both husband and wife are employed, caring for the children is a major challenge. For such couples, hiring a babysitter or nanny is considered the most practical option, but it is crucial to consider certain factors to make the right choice. This will ensure a better upbringing for your child, as your innocent child is like raw clay. The way they are shaped from childhood will determine their future. Therefore, pay special attention to these points before choosing a nanny. Background verification of the nanny is essential: Be sure to check the police verification of the nanny you are entrusting your child to. Because a nanny not only cares for the child but also supports them emotionally, you should also have information about their identity card, past record, address, etc. Prior experience and understanding of emergency situations - The nanny you choose should have prior experience caring for children. You should also know how to handle emergencies. Additionally, they should have basic knowledge of first aid. Be sure to assess the nanny's behavior and patience - Children tend to be stubborn, and this often irritates even their parents. Therefore, the nanny's behavior with the child should be sensitive, patient, and affectionate. This is also important to consider when choosing the right nanny. Research the nanny's previous employment - You should never be hasty in choosing a nanny, as hasty mistakes can negatively impact your child's life. Therefore, you should also research the nanny's previous employment. Take a decision only after this. Be sure to take a trial period before hiring a nanny - After hiring a nanny or babysitter, instead of becoming completely dependent on her immediately, it is important to observe her work and behavior for some time. During this time, see how well she understands the child's needs, how she treats her child, and how carefully she fulfills her responsibilities. Tell the nanny important rules related to child care - After hiring a nanny, there can often be misunderstandings regarding responsibilities. In such a situation, she may refuse to do some work, saying that she was not told about it earlier. To avoid such problems, it is important that you prepare a clear list of her work and responsibilities right from the beginning.

Sushant Singh Rajput: Rhea Chakraborty wanted to help the actor, appealed to this actress for treatment

Actor Sushant Singh Rajput's death has been a topic of much discussion. Actress Smita Jaykar, revealing details about Sushant, said that Rhea wanted to help him. According to Smita, she herself wanted to help but that was not possible. Actress story about actor Sushant Singh her, when Sushant Singh Rajput treatment of depression, she tried said that Rhea Chakraborty had regret that Sushant never visited helped him. Rhea sought help from also practices spiritual healing. In actress revealed that she went to after Rhea Chakraborty asked for nicely. He seemed very happy about Sushant coming to their happened. Smita gave spiritual Sushant Singh Rajput was him healing. He was being treated worked with him on 'Sonali Cable,' before. He remembered that I would come and meet Sushant."

Sushant further through spiritual healing, Smita Jaykar has revealed an important Rajput and Rhea Chakraborty. According to was admitted to a Mumbai hospital for to provide him with spiritual healing. She asked for her help. The actress expressed her ashram. She hoped she could have Smita - Smita Jaykar, in addition to acting, a conversation with Siddharth Kannan, the visit Sushant Singh Rajput in the hospital help. She said that Sushant spoke to her very during the conversation. They even talked ashram for a healing session, but that never healing to Sushant. Smita said, "When admitted to Hinduja Hospital, I went to give for depression there. Rhea called me. I had and we had discussed all these things conversation, so he contacted me. I told him Sushant was ready to come to the ashram.

The actress further said, "He was probably under the influence of medication at that time. He spoke to me very nicely and seemed very happy. I was planning to bring him to the ashram, and he was ready to come. That night, Rhea messaged me, 'Smita, his condition is worsening again.' But that never happened. I wish he could have come." Smita wanted to help Sushant more. Smita recalled that she had hugged Sushant lovingly when she met him in the hospital. Upon learning of Sushant's death, she wished she could have done more to help him. She said, "When I learned about his death, I thought, 'Why didn't he come to me? Why didn't he contact me again? I could have helped him.'" Smita defended Rhea - Smita Jaykar also defended Rhea, saying, "Rhea was with Sushant at that time and wanted to help him. This poor girl got dragged into all this. When I worked with her, she was a very sweet girl."

Jay Bhanushali: "Money never came between us," the actor came out in support of his ex-wife Mahhi Vij. Find out what's the matter.

Recently, Mahhi Vij was seen breaking down in tears on "Bigg Boss 20." Now, her ex-husband, Jay Bhanushali, has come out in support of her. The couple separated earlier this year. TV actress Mahhi Vij is currently recent episode, she was seen breaking down a conversation with her fellow contestants, Furthermore, she also discussed her divorce to accept alimony or maintenance. Mahi her decision, but she didn't accept alimony it. Jay Bhanushali has now reacted to Mahi's Mahi's team shared a video, commenting on both know that we will always stand by between us, and it never will. You and Tara The end of our marriage will never change you." What's the whole matter? Mahi had Jay tells me to go out and live my life. He life revolves around my child." I did not myself for the future and safety of my child. judge hearing her divorce case had asked financial assistance. However, Mahi stood

appearing on the reality show "Bigg Boss 20." In a in tears after an argument with Arishfa Khan. During she discussed the challenges of being a single mother. from Jay Bhanushali and explained why she refused explained that the judge advised her to reconsider from Jay because she knew how hard he had earned emotional breakdown. What did Jay Bhanushali say? which Jay Bhanushali wrote, "Be strong, Mahi. We each other in difficult times. Money has never come will be my responsibility for the rest of our lives. my love and respect for you both. I am always with said, "As a single mother, I know how my days go. says I shouldn't just sit at home for Tara. My whole accept any alimony and took care of everything During the conversation, Mahi also revealed that the her four times to reconsider her decision and accept by her decision. She said she did not want to claim the money that Jai had worked hard to earn. The actress also clarified that she did not refuse alimony because Jai did not want to provide her with financial support. Mahi explained that Jai has always been willing to help her and that she can always ask him for help if needed. Rohit Shetty will host the show - Meanwhile, this weekend's "Weekend Ka Vaar" episode of Bigg Boss 20 will be hosted by filmmaker Rohit Shetty. Salman Khan will not be able to participate this time due to his pre-scheduled work commitments. In the previous "Weekend Ka Vaar" episode, Salman told the housemates that he had requested Rohit Shetty to host the upcoming weekend's episode.

Slovak Ambassador Casts a Spell of Shah Rukh Khan's Movie, Reiterates Dialogue from "DDLJ"; Brings Back the Old Times

Slovak Ambassador Robert Maxyan is enamored with Bollywood films. He recreated a dialogue from Shah Rukh Khan's "Dilwale Dulhania Le Jayenge." He said that there are some things in the film that can never be forgotten. Actor Shah Rukh Khan's magic continues to resonate even outside the country. Slovak Ambassador to India Robert Maxyan has joined the Bollywood superstar's fan base. He recreated his favorite dialogue, "Senorita," from the 1995 classic "Dilwale Dulhania Le Jayenge" (DDLJ). What's in the Viral Video? Ambassador Maxyan recently shared a video on social media. In it, he is seen driving a car and uttering a famous dialogue from the film. He says, "Such small things keep happening in big countries, Senorita." This dialogue, spoken by Shah Rukh Khan's character "Raj" in the film, became quite famous. Ambassador Praises the Film In the video, the Ambassador recalled his time spent in India and talked about the film. Calling the film a blockbuster, Maxian wrote, "A blockbuster that reminds me of my time in India! 'Dilwale Dulhania Le Jayenge' (1995) is an evergreen romantic Bollywood classic starring Indian cinema legends Shah Rukh Khan and Kajol. It has some unforgettable moments." Information about 'Dilwale Dulhania Le Jayenge' Released in 1995, 'Dilwale Dulhania Le Jayenge' starred Shah Rukh Khan and Kajol as Raj and Simran. Their love story unfolds during a trip to Europe. Directed by Aditya Chopra, the film's defining feature was its blend of romance, comedy, family sentiments, and excellent music. Shah Rukh Khan and Kajol's chemistry won hearts. From its iconic dialogues to its evergreen songs, the film's magic still lives on. Its long-running run at Mumbai's Maratha Mandir is proof that some love stories never get old.